म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद

(पूर्व – म.प्र. राज्य ओपन स्कूल)
स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन
शिवाजी नगर, भोपाल – 462011

Phone : 0755-2559943
Fax No. : 0755-2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos@rediffmail.com

क्रमांक/परीक्षा/2015/103 भोपाल, दिनांक 20-2-2015

प्रति,

प्राचार्य एवं संकलन/मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी
शा. ....उ.मा.वि.
....
जिला – .... म.प्र.

विषय : अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका को मूल्यांकन हेतु संप्रेषण।

---------//✦//---------

विषयांतर्गत इस कार्यालय का पत्र दिनांक 01.11.2014 द्वारा आपकी शाला को संकलन केन्द्र बनाया गया है, तथा यह निर्देश दिये गये हैं कि अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड बंडल मूल्यांकन केन्द्र तक पहुँचाने तक सुरक्षित रूप से स्ट्रांगरूम में रखें एवं सुरक्षा हेतु जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से **एक चार की गार्ड की व्यवस्था की जाये।** मूल्यांकन हेतु उत्तरपुस्तिकाएँ स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। अपरिहार्य कारणों से निर्धारित समय पर अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका नहीं उठाई गई है। अब परीक्षा समाप्ति के उपरांत दिनांक 23.02.2015 को एकी ही बार में समस्त अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएं स्पीडपोस्ट द्वारा उठाई जानी है। जिसके लिए स्पीडपोस्ट ऑफिस से अधिकारी/कर्मचारी स्वयं संस्थाओं में उपस्थित होकर अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएँ ले जायेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि स्पीडपोस्ट ऑफिस से उत्तरपुस्तिकाएँ ले जाने हेतु उपस्थित डाक विभाग के अधिकारी/कर्मचारी को विभाग द्वारा जारी परिचय पत्र/अधिकार पत्र की छायाप्रति प्राप्त कर अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का सील्ड बंडल सौंपना सुनिश्चित करें तथा डाक विभाग की पावती ई–मेल **mpsosadmitcard@gmail.com** पर स्केन कर उसी दिवस भेजें एवं हार्ड कॉपी डाक के माध्यम से भेजें।

पूर्व में भेजे गये पत्र क्र. एम.पी.एस.ओ.एस.ई.बी./परीक्षा/2015/33, भोपाल दिनांक 23.01.2015 में मूल्यांकन कार्य 20 फरवरी तक पूर्ण कराने का उल्लेख है। अपरिहार्य कारणों से मूल्यांकन केन्द्र पर पहुंचाने में बिलम्ब हुआ है अतः मूल्यांकन कार्य 25.02.2015 से प्रारंभ कर 15.03.2015 तक पूर्ण कराने का कष्ट करें।

सचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल

पृ.क्रमांक/परीक्षा/2015/104 भोपाल, दिनांक 20-2-2015

प्रतिलिपि :–

01. कलेक्टर जिला .... की ओर सादर सूचनार्थ।
02. पुलिस अधीक्षक जिला .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि एक चार की गार्ड की संकलन केन्द्र एवं मूल्यांकन केन्द्र पर मांग के आधार पर की ड्यूटी लगायें।
03. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण की ओर सादर सूचनार्थ।
04. जिला शिक्षा अधिकारी (समस्त) की ओर भेजकर अनुरोध है, कि संकलन केन्द्र अधिकारी को तत्काल उक्तानुसार कार्यवाही हेतु निर्देश देवें एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित् करें।
05. मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष शा.उ.मा.वि. .... जिला .... की ओर सूचनार्थ एव उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित् करने हेतु।

संचालक
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल

Email-mpsos.exam@gmail.com